


RNI No.: UPHIN/25/A1698
NAVSARJAN SANSKRUTI

# नवसर्जन संस्कृति

नवसर्जन संस्कृति
लखनऊ से प्रकाशित दैनिक

वर्ष : 01
अंक : 186
दि. 07.11.2025,
शुक्रवार
पाना : 04
किंमत : 00.50 पैसा

EDITOR : VINOD KUMARI Regd. Office : B/13, Sneh Plaza Shopping Centre, I.O.C. Road, Chandkheda, Ahmedabad-382 424, Gujarat, India.
Phone : 76983 33307 (M) 84859 51747, 70963 33307 • Email : navsarjansanskruti2016@gmail.com • Email : navsarjansanskruti2016@yahoo.com • Website : www.navsarjansanskruti.com


## 'हम वादा करते हैं, देश का नाम रोशन करेंगे', राष्ट्रपति से मुलाकात कर इमोशनल हुई जेमिमा

(जीएनएस)।

आईसीसी महिला वर्ल्ड कप के फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को 52 रनों से करारी शिकस्त देकर भारतीय महिला टीम ने इतिहास रचने का काम किया। भारतीय महिला क्रिकेट टीम का राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गर्मजोशी से स्वागत किया। यह जीत भारत के लिए बेहद खास है। भारतीय महिला टीम ने पहली बार वर्ल्ड कप का खिताब जीतकर 52 सालों का सूखा खत्म किया। राष्ट्रपति मुर्मू से मुलाकात के दौरान टीम की बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स ने इमोशनल होकर अपनी बात रखी। उन्होंने देश में महिला क्रिकेट को मिल रही बढ़ती पहचान और बदलावों के लिए आभार व्यक्त किया। रोड्रिग्स ने कहा कि आज हम देख रहे हैं कि हर कोई महिला क्रिकेट को फॉलो कर रहा है। बीसीसीआई के कारण महिला क्रिकेट में कई बदलाव आए हैं,




जैसे वेतन समानता और महिला प्रीमियर लीग के आने से खिलाड़ियों को फायदा मिला।

जेमिमा ने कही दिल जीतने वाली बात

जेमिमा ने इस मौके पर महिला क्रिकेट के पुराने खिलाड़ियों को याद किया, जिन्होंने बिना किसी शोहरत, पैसे या पहचान के इस खेल को आगे बढ़ाया। उन्होंने कहा कि हमसे पहले लड़कियों का एक समूह था जिन्होंने बिना शोहरत, पैसे, समर्थन या पहचान के यह सब किया। आज खेल के प्रति केवल जुनून के कारण उन्होंने जो काम किया है, हम उनके बोए गए बीजों की फसल काट रहे हैं। यह आज जितना हमारा है, उतना ही उनका भी है।

जेमिमा ने राष्ट्रपति से किया वादा

रोड्रिग्स ने पूरी टीम की ओर से राष्ट्रपति से वादा किया कि वे इस विरासत को आगे बढ़ाएंगी और आने वाली पीढ़ियों के लिए इस टीम को बेहतर जगह पर छोड़कर जाएंगी। जेमिमा ने कहा कि आज पूरी क्रिकेट टीम की ओर से, हम आपसे यह वादा करते हैं कि जो विरासत उन्होंने शुरू की थी, हम भारतीय महिला क्रिकेट टीम के रूप में उसे आगे लेकर जाएंगे और आने वाली पीढ़ियों के लिए इस टीम को एक बेहतर जगह पर छोड़कर जाएंगे।

इस ऐतिहासिक जीत के बाद अनुभवी भारतीय तेज गेंदबाज शिखा पांडे ने एक्स पर टीम की स्टार परफॉर्मर जेमिमा रोड्रिग्स की खुलकर तारीफ की। रोड्रिग्स की लगातार अच्छी फॉर्म और दबाव में शांत रहने की क्षमता ने उन्हें टूर्नामेंट के बेहतरीन खिलाड़ियों में से एक बना दिया।

## 'बिहार के खानदानी माफिया की अब खैर नही', सीतामढ़ी में गरजे सीएम योगी, पेड़ों पर फैंस को देख मुस्करा दिए

(जीएनएस)।

बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान आज हो रहा है। वहीं दूसरे चरण का मतदान 11 नवंबर को होगा। दूसरे चरण के मतदान से पहले भारतीय जनता पार्टी के स्टार प्रचारक युद्ध स्तर पर चुनाव प्रचार कर रहे हैं। गुरुवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जब बिहार के सीतामढ़ी में चुनावसभा को संबोधित करने पहुंचे, तो उन्हें देखने के लिए भारी भीड़ उमड़ पड़ी।

सीएम योगी को देखने के लिए जनसभा के दौरान कई लोग पेड़ों पर चढ़ गए, जबकि कुछ समर्थक बैरिकेडिंग पर बैठे नजर आए। यहां तक कि मीडियाकर्मियों के लिए बने मंच पर भी लोग चढ़ गए, जिसे देखकर सीएम योगी मुस्कुराने लगे और बोले' "मंच टूट जाएगा, पत्रकार नीचे गिर जाएंगे। थोड़ा पीछे हट जाइए। बुजुर्ग महिलाओं को आगे आने दीजिए।" सीतामढ़ी के बाद, सीएम पश्चिम चंपारण जिले के बेतिया और बगहा में भी रैलियां करेंगे।


जनसभा को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने विपक्षी दलों पर जमकर हमला बोला।सीतामढ़ी जिले की परिहार विधानसभा में एक जनसभा को संबोधित करते हुए, उन्होंने कहा कि बिहार के युवाओं ने अपनी बुद्धि और प्रतिभा से विश्व स्तर पर समाज को लाभ पहुँचाया है।

## बिहार विधानसभा चुनाव के लिए पहले फेज की वोटिंग में टूटा वोटिंग रिकॉर्ड, सभी पार्टियों ने किया अपनी जीत का दावा

(जीएनएस)।

बिहार विधानसभा चुनाव के लिए पहले फेज की वोटिंग अब समाप्त हो गई है। 18 जिलों की 121 सीटों पर बंपर वोटिंग ने राजनीतिक विश्लेषकों को भी हैरान कर दिया है। वोटिंग के दौरान कुछ छिटपुट हिंसा की घटनाएं भी हुई, लेकिन ज्यादातर इलाकों में शांतिपूर्ण ढंग से मतदान पूरा हुआ है। वोटिंग खत्म होने के बाद बीजेपी, आरजेडी, जेडीयू समेत सभी दलों के नेताओं ने वोटिंग संख्या बढ़ने पर खुशी जताई और अपनी-अपनी जीत का दावा किया है।

पहले फेज में प्रदेश के दोनों डिप्टी सीएम विजय सिन्हा, सम्राट चौधरी समेत मंत्री मंगल पांडे, तेजस्वी यादव और तेज प्रताप यादव जैसे दिग्गजों की सीट पर भी मतदान हुआ है। बिहार विधानसभा चुनाव में अगले फेज के लिए मतदान 11 नवंबर को होगा और चुनाव के नतीजे 14 नवंबर को घोषित किए जाएंगे।



- बिहार विधानसभा चुनाव में इस बार वोटिंग के सारे रिकॉर्ड टूटते हुए नजर आ रहे हैं। शाम 5 बजे तक चुनाव आयोग के आंकड़ों के मुताबिक, 60.52 फीसदी तक मतदान हुआ।

- दरभंगा जिले में शाम पांच बजे तक 51.75 की वोटिंग रिकॉर्ड की गई। मुजफ्फरपुर में 64.63 प्रतिशत मतदान हुआ। शहरी क्षेत्रों की तुलना में ग्रामीण विधानसभाओं में वोटिंग का आंकड़ा ज्यादा रहा है।

- शाम 5 बजे तक, शाम 5 बजे तक मधेपुरा 65.74, सहरसा 62.65%, दरभंगा 58.38%, मुजफ्फरपुर 65.23%, गोपालगंज 64.96%, सीवान 57.41%, सारण 60.90%, वैशाली 59.45%, समस्तीपुर 66.65%, बेगूसराय 67.32%, खगड़िया 60.65%, मुंगेर 54.90%, लखीसराय 62.76%, शेखपुरा 52.36%, नालंदा 57.58%, पटना 55.02%, भोजपुर 53.24%, बक्सर 55.10% मतदान हुआ है।

- तेजस्वी यादव, तेज प्रताप यादव, अनंत सिंह, मैथिली ठाकुर और उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, डिप्टी सीएम विजय सिन्हा सहित नीतीश सरकार के 16 मंत्रियों की किस्मत का फैसला पहले चरण में होगा।

## 'उनके चुनावी दुल्हा भी ये जान गए हैं सीएम नहीं बनने वाले', मोतिहारी चुनावी रैली में अखिलेश यादव ने कसा तंज

(जीएनएस)।

बिहार में पहले चरण का गुरुवार को मतदान संपन्न हो चुका है। पहले चरण के चुनाव में लगभग 65 फीसदी रिकार्ड तोड़ वोटिंग हुई। वहीं एक तरफ आज जहां पहले चरण के लिए वोटिंग चल रही थी, वहीं दूसरे चरण के चुनाव के लिए राजनीतिक दल चुनाव प्रचार में जुटे हुए थे।

समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव पूर्वी चंपारण के मोतिहारी विधानसभा क्षेत्र में इंडिया गठबंधन के लिए चुनाव प्रचार करते हुए जतना से वोट मांगा और अपने भाषण में दौरान पी राज ्य की नीतीश सरकार पर जमकर हमला बोला।

मोतिहारी में अखिलेश यादव ने अपनी रैली में कहा, "पहले चरण के मतदान के दिन आधे से ज्यादा बिहार वोट डाल रहा है और बाकी आधा इंतजार कर रहा है। जो माहौल और संदेश जा रहा है, वह यही है कि इस बार नौजवान साथी, युवा और नौकरी देने वाला मुख्यमंत्री बनने जा रहा है।"

यूपी के पूर्व सीएम अखिलेश ने मोतिहारी के वोटरों को देवा गुप्ता को जिताने की अपील की और कहा, "सरकार बनाइए और मुख्यमंत्री बनेंगे।" उन्होंने यूपी में अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि वे बिहार के लोगों की मदद करेंगे। यादव ने कहा कि "इनकी तो काबिलियत पानी पर नाव चलाने की तो है ही, इनके पास पतवार भी है सही दिशा दिलाने के लिए।"



सपा प्रमुख ने एनडीए पर हमला बोलते हुए कहा, "ये लोग हवा में एक्सप्रेसवे बनाने जा रहे हैं।" उन्होंने 'चुनावी दूल्हा' वाले बयान का ज़िक्र करते हुए कटाक्ष किया कि "अब तो उनके जो चुनावी दूल्हा हैं, वह भी जान गए कि वह मुख्यमंत्री नहीं बनने वाले।" यादव ने कहा कि बिहार के सम्राटों ने राज्य को एकजुट किया, लेकिन "ये नए सम्राट देश और समाज को बांटने का काम कर रहे हैं। अब वह जान गए हैं कि उन्हें मुख्यमंत्री बनाने वाला कोई नहीं। यही कारण है कि वे अब दूसरों को माला पहना रहे हैं।"

अखिलेश यादव ने इस बात पर भी तंज कसा कि उन्हें पटना के एक बड़े कार्यक्रम में नहीं बुलाया गया, जिसका अर्थ है कि "तेजस्वी नया बिहार बनाने जा रहे हैं।"

अखिलेश यादव ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर जनता को "ठगने और झूठ बोलने" का आरोप लगाया, लेकिन विश्वास जताया कि इस बार बिहार की जनता ने मन बना लिया है कि भाजपा को बाहर का रास्ता दिखाया जाएगा।

उन्होंने कहा, "उनके पास बी टीम, सी टीम और पी टीम है, लेकिन हमारे पास वीआईपी है।"

उन्होंने कहा कि भाजपा की "बी पार्टी" और "सी फॉर चुनाव आयोग पार्टी" वोट चोरी करती है। उन्होंने मुकेश साहनी की वीआईपी पार्टी का समर्थन करने का आग्रह करते हुए कहा, "इसलिए मदद करो आप लोग, सहयोग करो और तेजस्वी मुख्यमंत्री बनने जा रहे हैं।"

## मुख्यमंत्री श्री भूपेंद्र पटेल अंबाजी से 'जनजातीय गौरव यात्रा' का शुभारंभ कराएंगे

- भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती, जनजातीय गौरव वर्ष का उत्सव
- 14 आदिजाति जिलों सहित राज्यभर में जन जागृति तथा आदिजाति गौरव के संदेश के साथ जनजातीय गौरव यात्रा का राज्य सरकार का आयोजन
- 7 से 13 नवंबर तक अंबाजी से एकता नगर तथा उमरगाम से एकता नगर रूट पर यात्रा भ्रमण करेगी
- रूट पर स्थित गाँवों में रथयात्रा के माध्यम से स्वास्थ्य जाँच शिविर, सेवा सेतु, सामूहिक स्वच्छता सहित सेवाभावी कार्यक्रम जन भागीदारी से आयोजित होंगे
- अंबाजी में मुख्यमंत्री द्वारा यात्रा के शुभारंभ अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष श्री शंकरभाई चौधरी सहित राज्य मंत्री उपस्थित रहेंगे

गांधीनगर, 06 नवंबर:मुख्यमंत्री श्री भूपेंद्र पटेल 7 नवंबर शुक्रवार को आद्यशक्ति धाम अंबाजी से 'जनजातीय गौरव यात्रा' का शुभारंभ कराएंगे।



प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से इस वर्ष आदिवासियों के भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती का उत्सव मनाया जा रहा है। आज की पीढ़ी स्वतंत्रता संग्राम में बिरसा मुंडा की अगुवाई में आदिजातियों के ऐतिहासिक योगदान को जाने-समझे तथा उससे राष्ट्र निर्माण की प्रेरणा प्राप्त करे; इस उद्देश्य के साथ प्रधानमंत्री के नेतृत्व में इस वर्ष को 'जनजातीय गौरव वर्ष' के रूप में मनाया जा रहा है।

गुजरात में मुख्यमंत्री श्री भूपेंद्र पटेल के दिशादर्शन में 'जनजातीय गौरव वर्ष उत्सव' अंतर्गत आयोजित हो रही जनजातीय गौरव यात्रा के अंबाजी से शुभारंभ अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष श्री शंकरभाई चौधरी सहित राज्य मंत्री सर्वश्री पी. सी. बरंडा, कमलेशभाई पटेल, प्रवीणभाई माली तथा स्वरूपजी ठाकोर उपस्थित रहेंगे।

## मशहूर अभिनेत्री सुलक्षणा पंडित का हुआ निधन



70 के दशक की मशहूर अदाकारा और पार्श्वगायिका सुलक्षणा पंडित का गुरुवार को 68 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनके भाई, संगीतकार ललित पंडित ने इस दुखद खबर की पुष्टि की है। परिवार के मुताबिक, वह लंबे समय से अस्वस्थ थीं। ललित पंडित ने बताया कि सुलक्षणा पंडित का निधन गुरुवार रात लगभग 8 बजे मुंबई के नानावती अस्पताल में कार्डियक अरेस्ट के कारण हुआ। उनका अंतिम संस्कार शुक्रवार, 7 नवंबर को दोपहर में किया जाएगा। फिल्म जगत के उनके प्रशंसकों और सहयोगियों ने उनकी मृत्यु पर गहरा शोक व्यक्त किया है।

## जेएनयू में फिर लेफ्ट का बोलबाला, एबीवीपी को हराकर मारी बाजी

(जीएनएस)।

दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (JNU के छात्रसंघ चुनावों में एक बार फिर लेफ्ट यूनिटी ने अपना दबदबा कायम किया है। मतगणना के बाद, लेफ्ट यूनिटी के उम्मीदवारों ने सभी चार प्रमुख पदों पर जीत हासिल की है, जिससे परिसर में 'लाल सलाम' की गूंज सुनाई दी।

जेएनयू छात्र संघ (जेएनयूएसयू) के चुनाव मंगलवार को संपन्न हुए थे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, वोटों की गिनती गुरुवार सुबह शुरू हुई और शाम तक चली। शुरूआती रुझानों से ही लेफ्ट के उम्मीदवारों ने बढ़त बना ली थी, जिसे उन्होंने अंत तक कायम रखा।

पिछले चुनावों में भी लेफ्ट ने लगभग सभी पदों पर जीत हासिल की थी, केवल एक पद पर ही उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। इस बार, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) लेफ्ट के मजबूत गढ़ में सेंध लगाने में विफल रही।






## राहुल गांधी के वोटर लिस्ट विवाद पर मोहन यादव का पलटवार, शिवराज ने बताया क्यों नहीं मिलता वोट

(जीएनएस)।

बिहार विधानसभा चुनाव का पहला चरण आज (6 नवंबर 2025, गुरुवार) 121 सीटों पर जोर-शोर से शुरू हो गया है, लेकिन चुनाव से ठीक एक दिन पहले नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के वोटर लिस्ट में गड़बड़ी के आरोपों ने राजनीतिक हलचल मचा दी है। राहुल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में दावा किया कि वोटर लिस्ट में 2 करोड़ नाम गायब हैं, और यह 'लोकतंत्र की हत्या' है।

इस पर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल में तीखा पलटवार किया, जबकि केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने दिल्ली से राहुल को ललकारा। यादव ने कहा, "बड़े दुर्भाग्य के साथ कहना पड़ रहा है, जब बिहार में वोट डालने का पहला चरण शुरू हो गया, ऐसे में नेता प्रतिपक्ष हरियाणा चुनाव की बात निकालकर भ्रमित करने का प्रयास कर रहे हैं।" वहीं, शिवराज ने तंज कसा, "राहुल ने हार स्वीकार कर ली है।



जनता मछली पकड़ने या जलेबी बनाने के लिए वोट नहीं देगी।" यह बयानबाजी न केवल बिहार चुनाव को प्रभावित कर रही है, बल्कि राष्ट्रीय राजनीति में कांग्रेस ५२ भाजपा की जंग को तीखा बना रही है। आइए, जानते हैं इस पूरे विवाद की पूरी दास्तां - राहुल के आरोपों से लेकर नेताओं के पलटवार और बिहार चुनाव के तापमान तक।

बिहार चुनाव का पहला चरण: 121 सीटों पर 73% वोटिंग, सुशासन ५२ जंगलराज की जंग

बिहार विधानसभा के 243 सीटों में से पहले चरण के 121 निर्वाचन क्षेत्रों में सुबह 7 बजे से वोटिंग शुरू हो गई। निर्वाचन आयोग के अनुसार, दोपहर 3 बजे तक 73% मतदान दर्ज हुआ, जो पिछले चुनाव के 71% से अधिक है। सीमांचल, कोसी, मगध और तिरहुत क्षेत्रों में 40% सीटें हैं, जहां एनडीए (भाजपा, जदयू) और महागठबंधन (आरजेडी, कांग्रेस) के बीच कांटे की टक्कर है। प्रमुख मुकाबलेः भागलपुर (अजय मंडल ५२ अजय सिंह), बेगूसराय (गिरिराज सिंह ५२ तनवीर हसन)।

चुनाव का मुद्दाः सुशासन (नीतीश कुमार का दावा), विकास (भाजपा का एजेंडा) ५२ जंगलराज का आरोप (आरजेडी)। राहुल गांधी ने 5 नवंबर को पटना में प्रेस कॉन्फ्रेंस की, जहां कहा, "वोटर लिस्ट में 2 करोड़ नाम गायब, 50 लाख फर्जी वोटर। यह चोरी है।" कांग्रेस ने एश्ट हैकिंग का भी जिक्र किया। लेकिन मतदान शांतिपूर्ण रहा, कुछ जगहों पर तकनीकी खराबी से देरी।

# अखिल भारतीय रेल सुरक्षा बल बैडमिंटन प्रतियोगिता 2025 का वडोदरा में आयोजन

**मंडल रेल प्रबंधक श्री राजू भडके ने किया प्रतियोगिता का शुभारम्भ**




पश्चिम रेलवे के वडोदरा मंडल के रेल सुरक्षा बल द्वारा वडोदरा के वाघोडिया स्थित स्पोर्ट्स परिसर में 41 वीं अखिल भारतीय रेल सुरक्षा बल बैडमिंटन प्रतियोगिता 2025 का 12 नवंबर, 2025 तक आयोजन किया जा रहा है। इस चैंपियनशिप का शुभारम्भ स्पोर्ट्स परिसर में आयोजित समारोह के मुख्य अतिथि एवं वडोदरा मंडल के मंडल रेल प्रबंधक श्री राजू भडके के कर कमलों द्वारा किया गया।

समारोह के मुख्य अतिथि एवं वडोदरा मंडल के मंडल रेल प्रबंधक श्री राजू भडके ने इस अवसर पर अपने स्वागत भाषण में प्रतियोगिता में भाग ले रहे खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी तथा खिलाड़ियों से खेल को खेल भावना से खेलने एवं अनुशासन तथा सम्मान के साथ प्रतिस्पर्धा करने का आवाहन किया। उन्होंने खिलाड़ियों को रेल सुरक्षा बल की गरिमा को ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए प्रेरित किया।

खिलाड़िओं के प्रति अपने स्वागत सम्बोधन में उन्होंने आगे बताया कि इस वर्ष एवं इस प्रतियोगिता की विजेता टीम को ऑल इंडिया पुलिस मीट बैडमिंटन चैंपियनशिप में भाग लेने का गौरव प्राप्त होगा, जो पश्चिम बंगाल में आयोजित की जाएगी।

प्रतियोगिता के आर्गनाइजिंग सेकेट्री एवं मंडल के वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त श्री फ्रांसिस लोबो ने इस प्रतिष्ठित आयोजन की मेजबानी पर खुशी जाहिर करते हुए बताया कि खेल जीवन का अभिन्न अंग है यह न केवल शरीर को स्वस्थ रखता है बल्कि मनोबल और टीम भावना को भी मजबूत करता है। उन्होंने आगे बताया कि इस वर्ष की प्रतियोगिता में 16 क्षेत्रीय रेलवे से कुल 135 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं, जिसमें 8 गैजेटेड ऑफीसर भी है तथा 21 महिला खिलाड़ी एवं 106 अन्य खिलाड़ी सम्मलित है। यह प्रतियोगिता 12 नवंबर तक आयोजित की जा रही है।

## असारवा-कानपुर सेंट्रल साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन के फेरे विस्तारित

रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों की मांग एवं सुविधा को ध्यान में रखते हुए असारवा-कानपुर सेंट्रल साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन के फेरे विस्तारित करने निर्णय लिया गया है। जिसका विवरण निम्नानुसार है:

- ट्रेन संख्या 01906/01905 असारवा-कानपुर सेंट्रल-असारवा साप्ताहिक स्पेशल (6 फेरे)

ट्रेन संख्या 01906 असारवा-कानपुर सेंट्रल स्पेशल जिसे 4 नवंबर 2025 तक अधिसूचित किया गया था अब उसे 25 नवंबर 2025 तक विस्तारित किया गया है। इस तरह ट्रेन संख्या 01905 कानपुर सेंट्रल-असारवा स्पेशल जिसे 3 नवंबर 2025 तक अधिसूचित किया गया था अब उसे 24 नवंबर 2025 तक विस्तारित किया गया है।

ट्रेन संख्या 01906 के विस्तारित फेरों की बुकिंग सभी पीआरएस काउंटरों और आईआरसीटीसी वेबसाइट पर शुरू है। ट्रेनों के ठहराव, समय और संरचना के संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए यात्री कृपया www. enquiry. indianrail. gov.in पर जाकर अवलोकन कर सकते हैं।

## साबरमती-जोधपुर वंदेभारत एक्सप्रेस रीशड्यूल रहेगी

अजमेर मण्डल के अजमेर-पालनपुर रेलखण्ड के मध्य फालना स्टेशन यार्ड में फुट ओवर ब्रिज गर्डर लोचिंग हेतु ब्लॉक लिया जा रहा है। जिसके कारण साबरमती-जोधपुर वंदेभारत एक्सप्रेस रीशड्यूल रहेगी: जो इस प्रकार है:

ट्रेन संख्या 12462, साबरमती-जोधपुर एक्सप्रेस दिनांक 07.11.2025 से 10.11.2025 तक साबरमती से अपने निर्धारित समय से 01 घंटे देरी से प्रस्थान करेगी।

## एसएसपी ने चार इंस्पेक्टर और दो उपनिरीक्षक को दी नवीन तैनाती

मथुरा (जीएनएस)। एसएसपी ने बुधवार देर रात्रि में चार इंस्पेक्टर और दो उपनिरीक्षकों के कार्य क्षेत्र में बदलाव करते हुए नई तैनाती दी है। जानकारी के अनुसार एसएसपी श्लोक कुमार ने बुधवार देर रात्रि में निरीक्षक रफत मजीद को थाना प्रभारी साइबर काइम, थाना प्रभारी साइबर क्राइम प्रमोद कुमार को अतिरिक्त निरीक्षक अपराध थाना हाईवे, निरीक्षक संजीव कुमार को पुलिस लाइन से अतिरिक्त निरीक्षक अपराध थाना मांट, निरीक्षक रामजनम सिंह गौतम को थाना साइबर क्राइम से अतिरिक्त निरीक्षक अपराध द्वितीय थाना छाता, एसआई मोमराज सिंह को थाना एएचटीयू से चौकी प्रभारी जिला चिकित्सालय थाना कोतवाली और चौकी प्रभारी जिला चिकित्सालय विजय कुमार सिंह को थाना हाईवे में नवीन तैनाती दी है।

## किसानों पर डीएपी-यूरिया की ओवर रेट बिक्री के साथ हर बोरी जबरन थोप रहे ₹100 से ₹150 की सल्फर खाद

प्राइवेट विक्रेता सरकारी रेट का बोर्ड लगाकर कर रहे ओवररेट बिक्री, कंपनी डीलरों पर डाली जिम्मेदारी

खखरेरू/फतेहपुर रवि की फसल की बुवाई के इस सीजन में किसानों के लिए खाद की किल्लत मुसीबत बनती जा रही है। साधन सहकारी समितियों में खाद न मिलने के कारण किसान मजबूरी में प्राइवेट दुकानदारों से महंगे दामों पर खाद खरीदने को विवश हैं।

किसानों का आरोप है कि हर बोरी डीएपी या यूरिया खाद के साथ ₹100 से ₹150 कीमत की एक किलो सल्फर खाद जबरदस्ती दी जा रही है। सल्फर न लेने पर दुकानदार खाद देने से इनकार कर देते हैं।

सरकारी रेट बोर्ड सिर्फ दिखावा

प्राइवेट दुकानदारों की दुकानों के बाहर यूरिया ₹266 और डीएपी ₹1350 प्रति बोरी के सरकारी दाम बोर्ड पर अंकित हैं, लेकिन हकीकत में यूरिया ₹400 से ₹600 और डीएपी ₹1500 से ₹2000 तक में बेची जा रही है।

दुकानदार बोले — 'कंपनी की मजबूरी है'

इस मामले में कुछ प्राइवेट विक्रेताओं ने बताया कि कंपनी की ओर से हर खेप के साथ सल्फर और नैनो खाद भेजी जाती है।

'हमारे पास विकल्प नहीं होता। हमें साथ में आई सल्फर भी बेचनी पड़ती है, वरना कंपनी अगली सप्लाई रोक देती है,' — एक स्थानीय खाद व्यापारी ने बताया।

प्रभावित क्षेत्र

खखरेरू, रक्षपालपुर, दरियामऊ, गहुरा, रजनापुर चौराहा, आलमपुर गेरिया, गेट, उमरा मोड़ और भदौंहा सहित कई गांवों में यह ओवररेट बिक्री खुलेआम जारी है।

विरोध करने वाले किसानों को कई बार दुकानदार खाद देने से भी मना कर देते हैं।

किसानों की बेबसी

सहकारी समितियों में खाद उपलब्ध न होने से किसान रवि की बुवाई बाधित होने से चिंतित हैं। किसान बोले — 'फसल का समय निकल रहा है, सरकारी समितियों में खाद नहीं है, इसलिए प्राइवेट दुकान से महंगे दामों में लेना मजबूरी है।'

### शराब के नशे में जेठ ने बहू को डंडों से पीटा, वीडियो वायरल

खखरेरू/फतेहपुर । थाना क्षेत्र के चंदनमऊ गांव में बुधवार को एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। शराब के नशे में एक जेठ ने अपनी बहू को बेरहमी से डंडों से पीट दिया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

पीड़िता हीरावती ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि बुधवार दोपहर करीब तीन बजे उसका जेठ दयालाल शराब के नशे में घर पहुंचा और गाली-गलौज करने लगा। जब उसने विरोध किया, तो आरोपी ने डंडे से उसकी बुरी तरह पिटाई शुरू कर दी।

आरोप है कि इस दौरान जेठ की पत्नी राजवती और उनकी बेटी नेहा ने भी मारपीट में साथ दिया। वायरल वीडियो में दयालाल को डंडे से बहू पर वार करते हुए स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है।

घटना के बाद ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है और पीड़िता ने पुलिस से सख्त कार्रवाई की मांग की है।

प्रभारी निरीक्षक खखरेरू विद्या प्रकाश सिंह ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वीडियो की सत्यता की जांच की जा रही है, दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## अमित कुमार घोष, अपर मुख्य सचिव (चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, उत्तर प्रदेश) से मुलाकात



लखनऊ, अमित कुमार घोष, अपर मुख्य सचिव (चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, उत्तर प्रदेश) से मुलाकात कर आगामी 8 नवम्बर 2025 को आयोजित होने वाले अधिवेशन में आमंत्रित किया गया। साथ ही प्रमुख मांगों जैसे— • नियुक्ति • गृह जनपद में तैनाती • पालनाघर की व्यवस्था • केंद्र के समान भत्ते • पदोन्नति • संवर्ग का पुनर्गठन इत्यादि के संबंध में विस्तार से अवगत कराया गया। अपर मुख्य सचिव ने सभी सदस्यों का गर्मजोशी से स्वागत करते हुए, उपरोक्त मांगों पर एक सप्ताह के भीतर बैठक आयोजित कर सकारात्मक निर्णय लेने का आश्वासन दिया। साथ ही उन्होंने राजकीय नर्सेस संघ उत्तर प्रदेश के 18वें अधिवेशन की सफलता हेतु हार्दिक शुभकामनाएँ एवं बधाई भी प्रेषित की। प्रतिनिधि मंडल में— अशोक कुमार (महामंत्री) केनेतृत्व में सत्येंद्र कुमार (उपाध्यक्ष) गीतांशु वर्मा (संयुक्त सचिव) आईनिस चाल्स (मंडल अध्यक्ष) शामिल रहे।

## सस्ता बाजार गर्म कपड़े की दुकान का हुआ उद्घाटन



सलोन रायबरेली ।नगर पंचायत सलोंन के एसडीएम कोर्ट के समीप सस्ता बाजार में ठंड के वूलन व गर्म कपड़े जैकेट के भाव दुकान का उद्घाटन पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष प्रत्याशी इरफान सिद्दीकी ने फीता काटकर किया। युवा नेता इरफान सिद्दीकी ने कहा कि सस्ते बाजार की दुकान खुलने से मध्य वर्गीय लोगों को उचित रेट में गर्म कपड़े जैकेट आदि मुहैया होंगे, जो एक सराहनीय प्रयास है। इस तरह की सस्ते मार्केट महानगरों में हुआ करते हैं, छोटे नगर में ऐसी ब्रांच के खुलने से लोगों को सहूलियत मुहैया होगी। इस मौके पर अकबर चौधरी, अनवर चौधरी, अफसर चौधरी, अब्बास चौधरी, अश्करी चौधरी, राम जी सरोज शिक्षक नेता, पूर्व सभासद इसरार हैदर ,इमरान सिद्दीकी, बिलाल खान, वसीम अंसारी सिप्तैंन शेख आदि लोग मुख्य रूप से मौजूद रहे।

## देव दीपावली महोत्सव समिति ने दिया सभी को धन्यवाद : प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग प्रदान करने वालों का जताया आभार




मथुरा (जीएनएस)। कार्तिक पूर्णिमा पर विगत 5 नवंबर को देव दीपावली महोत्सव समिति द्वारा आयोजित देव दीपावली महोत्सव को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में विभिन्न घाटों पर आकर्षक लाइटिंग व सजावट कराने एवं दीपक प्रज्वलित करने में सहयोग प्रदान करने वाले सभी सामाजिक, धार्मिक, शैक्षणिक, राजनीतिक और प्रशासनिक व्यवस्थाओं में सहयोग देने के लिए देव दीपावली महोत्सव समिति के अध्यक्ष पंडित सोहन लाल शर्मा, गोपेश्वर नाथ चतुर्वेदी, महामंत्री आचार्य ब्रजेन्द्र नागर, स्वागताध्यक्ष डा. हरिकृष्ण भदौरिया, कामेश्वर नाथ चतुर्वेदी, प्रयागनाथ चतुर्वेदी, योगेश उपाध्याय आवा, महेन्द्र दत्त आचार्य, रामदास चतुर्वेदी, गंगाधर अरोड़ा, पंकज शर्मा, नारायण प्रसाद शर्मा, आशीष माहेश्वरी, अजय चतुर्वेदी, राजेश गोयल और अंशुल अग्रवाल, आदि ने सभी ब्रजवासियों का आभार व्यक्त किया। देव दीपावली महोत्सव में समस्त ब्रजवासियों का जिन्होंने प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग प्रदान करने वालों का भी आभार प्रकट किया। इसी के साथ द्वारकेश संस्कृत महाविद्यालय के प्राचार्य डा. सहदेव कृष्ण चतुर्वेदी, वेदपाठी छात्रों और जिला विद्यालय निरीक्षक रविन्द्र सिंह एवं मथुरा महानगर के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं का और मथुरा-वृंदावन नगर निगम के महापौर विनोद अग्रवाल, नगर आयुक्त जग प्रवेश और अपर नगर आयुक्त अनिल कुमार समेत सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ ही पुलिस-प्रशासन और ट्रैफिक पुलिस, मथुरा महानगर के समस्त व्यापार मंडल के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं का तथा देव दीपावली महोत्सव के प्रचार प्रसार में अतुलनीय योगदान देने वाले समस्त समाचार पत्रों और न्यूज चैनलों के संवाददाता व छायाकारों का आभार प्रकट किया।

## बाइक सवार बदमाशों ने गोली मारकर युवक को उतारा मौत के घाट

**आक्रोशित परिजन और ग्रामीणों ने सड़क पर शव रखकर लगाया जाम -हत्याकांड का जल्द खुलासा करने के आश्वासन पर शांत हुए आक्रोशित लोग**



मथुरा (जीएनएस)। थाना मांट क्षेत्र क्षेत्र स्थित मांट-वृंदावन मार्ग पर राजकीय महाविद्यालय के समीप गुरुवार दोपहर में बाइक पर बदमाशों ने सरेराह बाइक सवार युवक की गोली मारकर हत्या कर दी। दिनदहाड़े हुई युवक की हत्या के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके से एक तमंचा बरामद किया है। सरेराह की गई युवक की हत्या से गुस्साए ग्रामीणों और परिजनों ने रोड़ जाम कर दिया है। जानकारी के अनुसार गुरुवार को थाना मांट क्षेत्र में मांट-वृंदावन रोड़ स्थित राजकीय महाविद्यालय के समीप बाइक से जा रहे मांट राजा निवासी अक्कू पुत्र विजय सिंह का पीछा करके बाइक सवार बदमाशों ने सरेराह गोली मारकर हत्या कर दी। दिनदहाड़े की गई युवक की हत्या किए जाने की सूचना मिलते ही पुलिस फोर्स मौके पहुंच गया। पुलिस ने युवक के शव के पास से एक तमंचा बरामद किया है। घटना के बाद गुस्साए ग्रामीणों और परिजनों ने सड़क पर शव को रखकर जाम लगा दिया और पुलिस पर कार्रवाई की मांग करने लगे। घटना के बाद मौके पर पहुंचे सीओ मांट आशीष शर्मा ने बताया कि घटना का जल्द खुलासा करके बदमाशों को गिरफ्तार करने का आश्वासन देते आक्रोशित परिजनों को समझा-बुझाकर जाम को खुलवा दिया। उन्होंने कहा कि युवक का हत्या का जल्द खुलासा करने के लिए पुलिस टीमों को लगा दिया गया है, जल्द ही हत्याकांड का खुलासा किया जाएगा। इसके बाद पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## गिलट व्यापारी हुआ लापता : बस स्टैंड में खड़ी मिली स्कूटी

**कोतवाली और गोविंदनगर पुलिस उलझी रही सीमा विवाद में**

मथुरा (जीएनएस)। महानगर के गिलट व्यापारी मनीष अग्रवाल के संदिग्ध परिस्थिति में गायब होने से सनसनी फैल गई। व्यापारी के परिजन बुधवार रात से ही उनकी तलाश कर रहे हैं लेकिन अभी तक उनका कोई सुराग नहीं लग सका है। दूसरी ओर नगर कोतवाली और गोविंद नगर पुलिस ने सीमा विवाद के चलते अभी तक गुमशुदगी दर्ज नहीं की है और न ही पुलिस ने कोई ठोस कार्रवाई की है। इससे परिजनों और व्यापारियों में आक्रोश उत्पन्न हो गया है। जानकारी के अनुसार बुधवार शाम को चौक बाजार निवासी गिलट व्यापारी मनीष अग्रवाल घर से स्कूटी पर निकले थे। इसके कुछ देर बाद उनका फोन बंद हो गया, इस कारण उनसे कोई संपर्क नहीं हो सका। व्यापारी के गायब होने पर परिजनों ने पूरी रात संभावित स्थानों पर उनकी तलाश की लेकिन कोई सुराग नहीं मिल सका। इसके बाद गुरुवार सुबह परिजनों ने दोबारा तलाश शुरू की तो नए बस स्टैंड परिसर में गायब व्यापारी मनीष की स्कूटी खड़ी हुई मिली। स्कूटी में चाबी लगी हुई थी और डिग्गी से व्यापारी की हाथ की घड़ी और मोबाइल फोन मिला है। ऐसी परिस्थिति ने घटना को संदिग्ध बना दिया है। इसी बीच परिजनों ने बताया कि मनीष के मोबाइल फोन से उनके परिचित डा. अनुराग अग्रवाल वैद्य को एक व्हाट्सऐप संदेश भेजा गया है। इस संदेश में डॉक्टर को मनीष की स्थिति का जिम्मेदार ठहराया गया है। यह संदेश मामले की जांच में एक महत्वपूर्ण सुराग माना जा रहा है, हालांकि पुलिस ने अभी तक इस पहलू पर कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है। व्यापारी मनीष की बहन संध्या और भाई कन्हैया अग्रवाल ने आरोप लगाया कि जब वह गुमशुदगी दर्ज कराने नगर कोतवाली पहुंचे तो उन्हें गोविंद नगर थाना भेज दिया गया। वहीं, गोविंद नगर थाना पुलिस ने क्षेत्र, नगर कोतवाली का बताते हुए रिपोर्ट दर्ज करने से इंकार कर दिया। दोनों थानों के बीच इस खींचतान के कारण परिजन पूरी रात और पूरा दिन परेशान होते रहे। घटना के बाद व्यापारी संगठन के सदस्य बड़ी संख्या में थाना परिसर पहुंच गए और पुलिस से तत्काल कार्रवाई की मांग की। इस बीच व्यापारियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही व्यापारी का पता नहीं लगाया गया तो वह आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।

## 'तुम्हारे जैसे गुंडे को', कैमरे के सामने भिड़ गए आरजेडी एमएलसी अजय सिंह और डिप्ट सीएम विजय सिन्हा

(जीएनएस)। बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण में पिछली बार के मुकाबले वोटिंग प्रतिशत में अच्छा-खासा इजाफा होने की उम्मीद है। इस बार मुख्य मुकाबला महागठबंधन और एनडीए के बीच है। वोटिंग के दिन ही बिहार की सियासत से जुड़ा एक वीडियो जमकर वायरल हो रहा है।

यह वीडियो डिप्टी सीएम विजय सिन्हा (एनडीए) और राष्ट्रीय जनता दल (RJD) एमएलसी अजय कुमार के बीच तीखी बहस का है। यह घटना बिहार के लखीसराय के शेखपुरा की बताई जा रही है। वायरल वीडियो में दोनों नेता एक-दूसरे पर सीधा और तीखा हमला बोलते नजर आ रहे हैं।

ष्ट्र८ ड४े१ ग्रल्लॅं

RJD MLC अजय कुमार ने डिप्टी सीएम विजय सिन्हा को चुनौती देते हुए कहा कि 'तुम हो क्या, तुम अपने आपको क्या समझते हो...जवाब में विजय सिन्हा ने आरोप लगायाः 'तुम दारू पीकर हंगामा करते हो।' इस



आरोप पर फ्खऊएमएलसी तैश में आ गए और बोले कि 'तुम्हारा जमानत जब्त हो गया है।' विजय सिन्हा ने प्रशासन से किसी को बुलाने की मांग करते हुए कहा कि 'ये यहां दारू पीकर हंगामा कर रहा है। इसका नाक मुंह सब चढ़ा हुआ है।'

RJD के एमएलसी ने पलटवार करते हुए चुनाव परिणाम का हवाला दियाः '14 नवंबर को नाक मुंह तो तुम्हारा उतार देंगे जब रिजल्ट आएगा।' विजय सिन्हा ने इसे धमकी बताते हुए कहाः 'तुम धमकी मत दो तुम्हारे जैसे कई को देख चुके हैं। राजद के गुंडा को हम ठीक कर देंगे। ये दारू पीकर यहां गुंडई कर रहा है। ये राजद का एमएलसी है ये गुंडई कर रहा है।'

RJD एमएलसी ने इसे चुनाव हारने की बौखलाहट करार दिया। और कहा कि, 'ये चुनाव हारने की बौखलाहट है। यही दिख रहा है। इसके बाद विजय सिन्हा ने फ्खऊनेताओं को गुंडा बताते हुए प्रशासन से एमएलसी की गाड़ी की जांच करने को कहा, यह आरोप लगाते हुए कि 'यहां शराबबंदी है ये शराब पीकर गुंडई कर रहा है।' जवाब में फ्खऊएमएलसी ने कहा कि 'इन लोगों को तो काम ही है झूठ बोलना और गुंडई करना। वही ये लोग कर रहे हैं।

## पश्चिम रेलवे अधिकारी ने प्रतिष्ठित आयरनमैन मलेशिया 2025 ट्रायथलॉन पूरा किया

मुंबई,

पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक के सचिव श्री सचिन शर्मा ने 1 नवंबर 2025 को मलेशिया के लंगकवी द्वीप पर आयोजित विश्व प्रसिद्ध आयरनमैन मलेशिया ट्रायथलॉन को सफलतापूर्वक पूरा किया। यह अंतर्राष्ट्रीय धीरज प्रतियोगिता दुनिया की सबसे कठिन खेल चुनौतियों में से एक मानी जाती है और इसमें 3.8 किमी खुले समुद्र में तैराकी, उसके बाद 180 किमी साइकिलिंग और 42.2 किमी की पूर्ण मैराथन दौड़ शामिल है, जो कुल 226 किमी की दूरी तय करती है।




पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक के सचिव श्री सचिन शर्मा लंगकावी द्वीप पर आयरनमैन मलेशिया 2025 ट्रायथलॉन के दौरान दिखाई दे रहे हैं।

पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, लंगकावी की गर्म और आर्द्र उष्णकटिबंधीय जलवायु ने इस प्रतियोगिता को बेहद चुनौतीपूर्ण बना दिया। दौड़ की शुरूआत मनोरम पंताई कोक बीच से हुई, जहाँ प्रतिभागियों ने मध्यम ज्वार के साथ क्रिस्टल साफ समुद्र के पानी में तैराकी की। तैराकी के तुरंत बाद एथलीटों ने घने उष्णकटिबंधीय जंगलों को चीरती सुरम्य तटरेखा और खड़ी पहाड़ी सड़कों से गुजरते हुए 180 किलोमीटर के साइकिलिंग रूट पर कदम रखा। यह बाइकिंग कोर्स आयरनमैन स्पधाओं में सबसे चुनौतीपूर्ण माना जाता है, जिसमें लगभग 1600 मीटर की ऊँचाई और कई कठिन चढ़ाई शामिल हैं। अंतिम दौड़ महसूरी अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी केंद्र से शुरू हुआ और खूबसूरत चेनांग बीच पर समाप्त हुआ। हालाँकि दौड़ का रास्ता अपेक्षाकृत समतल था, लेकिन गर्मी और उमस ने प्रत्येक प्रतिभागी की सहनशक्ति और लचीलेपन की कड़ी परीक्षा ली।

श्री विनीत ने आगे बताया कि श्री शर्मा ने पूरी दौड़ के दौरान अद्भुत दृढ़ संकल्प, अनुशासन और मानसिक शक्ति का परिचय दिया। जैसे ही वे जोरदार जयकारों के बीच अंतिम चरण में पहुँचे, कार्यक्रम के उद्घोषक ने गर्व से घोषणा की, "सचिन, आप एक आयरनमैन हैं!", जिससे ट्रायथलॉन का उनका आधिकारिक समापन चिह्नित हुआ। दौड़ पूरी करने के बाद उन्हें प्रतिष्ठित फिनिशर मेडल, फिनिशर टावर सिक्का और आधिकारिक आयरनमैन फिनिशर जर्सी प्रदान की गई, जो उनकी उपलब्धि का प्रतीक है।

श्री शर्मा एक उत्साही धीरज एथलीट हैं और पिछले कुछ वर्षों में लगभग 60 से 70 राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मैराथन में भाग ले चुके हैं। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका में कॉमरेड्स अल्ट्रा मैराथन को सफलतापूर्वक पूरा किया है, जो दुनिया की सबसे चुनौतीपूर्ण अल्ट्रा-डिस्टेंस रोड रेस में से एक है। उन्होंने जैसलमेर में बॉर्डर रेस (जिसे हेल रेस भी कहा जाता है) में भी भाग लिया है, जो अपनी चरम रेगिस्तानी परिस्थितियों के लिए जाना जाता है और लद्दाख में सिल्क रूट अल्ट्रा रेस में भी भाग लिया है, जो उच्च ऊंचाई वाले हिमालयी भूभाग पर आयोजित होती है। उनकी सहनशक्ति में उत्कृष्टता की निरंतर खोज और अनुशासित फिटनेस दिनचर्या, रेलवे परिवार के कई सदस्यों के लिए प्रेरणा और प्रोत्साहन का स्रोत रही है।

श्री सचिन शर्मा की यह उल्लेखनीय उपलब्धि पश्चिम रेलवे के लिए गौरव की बात है, जो फिटनेस, सहनशक्ति और समग्र स्वास्थ्य के प्रति अपने अधिकारियों की प्रतिबद्धता को दशार्ती है।

RNI No.: UPHIN/25/A1698 Published & Owned by RAGINI JIGNESHKUMAR VAGHELA and Printed By SUSHILA SHUKLA at Krishna Printiers, 271/31 Chakmaki Dugawa, Rajendranagar, Lucknow-226018, Uttar Pradesh.
and Published from 538 GHA/85 Pataurganj, Near Janki Prasad Dharmshala, Sitapur Road, Niralanagar, Lucknow-226020, Uttar Pradesh. Editor : VINOD KUMARI

## सम्पादकीय

### बिहार में मतदान प्रतिशत का बढ़ना दर्शाता है लोकतंत्र की मजबूती

बिहार में चुनाव बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण में शाम पांच बजे तक 60.18 प्रतिशत मतदान से एक बात तो स्पष्ट हो गई है कि बिहार में लोग राजनीतिक मामले में बहुत परिपक्व हैं। प्रायः यह माना जाता है कि जब ज्यादा वोट डाले जाते हैं तो समझ लेना चाहिए कि वोटर ने सत्ता विरोधी मतदान किया है। तर्क इसके विपरीत भी दिए जाते हैं, कुछ लोगों का मानना है कि सत्ता पक्ष में रुझान होने के कारण भी मतदान बढ़ जाते हैं। इसलिए सत्ता पक्ष के समर्थक कहते हैं कि उनके गठबंधन में शामिल पार्टियों को ही मतदाताओं ने वोट दिया है। इसलिए वोटों के प्रतिशत बढ़ने के मामले में मात्र अनुमान ही लगाया जा सकता है। ज्यादा मतदान होने के कई कारण होते हैं। पहला कारण तो यह होता है कि 5 सालों बाद चुनाव आते हैं तब तक मतदाताओं की संख्या बढ़ जाती है किंतु यह दावा करना नितांत नासमझी होती है कि बढ़े हुए वोटर किसी एक ही पार्टी को वोट देंगे। सच तो यह है कि न तो कम वोटिंग का मतलब वोटरों की उदासीनता है यानि कि वोटर सत्ता से संतुष्ट हैं और उन्हें सरकार बदलने की कोई जरूरत महसूस नहीं होती बल्कि उदासीन वोटर मानते हैं कि जैसा चल रहा है वैसा चलना चाहिए। इसी के साथ अनुमान लगाने वाले ज्यादा वोटिंग को बदलाव के पक्ष में मान लेते हैं। कई बार ये अनुमान गलत साबित होते हैं। दरअसल वोटर तो अपना काम करते हैं और कई कारणों से प्रभावित होते हैं कितु भारतीय मीडिया विश्लेषण करने में भावनात्मक तरीका (सब्जेक्टिविटी का तरीका) अपनाती है। आज भी यदि मीडिया पुरानी परिपाटी से ही समीक्षा करेगी तो वह इसी तरह के परिणाम निकालेगी। सच तो यह है कि युवा पीढ़ी कल्पना लोक में नहीं रहना चाहती बल्कि उसकी अपनी समस्याएं और उसके अपने लक्ष्य हैं। इसीलिए उसके सोचने के तरीके अपने बाप-दादाओं से बिल्कुल बदल चुके हैं। कितु बिहार का मतलब मात्र जाति से ही जोड़ा जाता है। मसलन हमें अपना वर्चुअल नजरिया बदलना होगा। अब आग्मेंटेटिव दृष्टिकोण से वोटर राजनेताओं को देखता है। मीडिया की खबरें और मांग पर आधारित होती हैं इसीलिए अण्ड-बण्ड परिणाम भी अनुमान के आधार पर ही निकाले जाते हैं। बहरहाल परिणाम कुछ भी हो छोटी-मोटी घटनाओं को छोड़कर चुनाव के वक्त किसी बड़ी हिंसा की खबर न आना चुनाव आयोग की व्यवस्था पर संतोष व्यक्त किया जा सकता है। श्रेय राजनीतिक दलों को भी मिलना चाहिए जिन्होंने वोटिंग के दिन अपने प्रतिद्वंद्वी प्रत्याशियों के प्रति सहिष्णुता का व्यवहार किया। चुनाव में जीत तो एक की ही होनी है, बाकी सारे प्रत्याशियों को तो हार का सामना ही करना पड़ेगा। लोकतंत्र में इसी सहिष्णुता का महत्व है। इतना जरूर है कि यह चुनाव एनडीए और इंडिया महागठबंधन दोनों के भविष्य के लिए निर्णायक साबित होने वाला है। लोकतंत्र में सभी पार्टियां जीतने के लिए चुनाव लड़ती हैं, इसीलिए जीत के दावे सभी करती हैं कितु सत्ता वही हासिल कर पाती हैं जिन्हें जनता जनार्दन आशीर्वाद देती है। यही तो भारतीय लोकतंत्र की गरिमा है कि जीतने के बाद एक पार्टी या गठबंधन जन सेवा में जुट जाती है जबकि हारी हुई पार्टी भी अपनी संवैधानिक जिम्मेदारियों के तहत जन सेवा करती है।

# भारत पर्व : एकता, संस्कृति और सृजनात्मकता के जश्न का मंच

- **भारत पर्व में आकर्षण का केंद्र बनी गोवा की नारियल हस्तकला**
- **समुद्र और नारियल की हस्तकला मेरी पहचान बन गए हैं : विजयदत्ता लोटलीकर, नारियल शिल्प कलाकार**
- **'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' के संदेश के साथ भारत पर्व में सुनाई दी गोवा की गूंज**
- **एकता नगर का भारत पर्व बना सांस्कृतिक एकता और कला के उत्सव का प्रतीक**









गांधीनगर, 06 सितंबर : एकता नगर में चल रहे 'भारत पर्व' के अंतर्गत देश की कला, संस्कृति, और हस्तकला की विविधताओं का जीवंत उत्सव मनाया जा रहा है। लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर एकता नगर स्थित स्टैच्यू ऑफ यूनिटी परिसर में पहली बार आयोजित भारत पर्व में देश का प्रत्येक राज्य अपनी विशिष्ट परंपरा, स्वाद, संगीत और सृजनात्मकता का परिचय दे रहा है। इस सांस्कृतिक उत्सव में गोवा के हस्त शिल्प कलाकार विजयदत्ता लोटलीकर की नारियल के खोल से बनी कलाकृतियां सभी का ध्यान आकर्षित करते हुए तटीय राज्य की पहचान बन गई है।

भारत पर्व में हिस्सा ले रहे नारियल शिल्प कलाकार विजयदत्ता लोटलीकर ने बताया कि एकता नगर में आयोजित भारत पर्व में भाग लेने का अवसर उनके लिए सुखद अनुभव है। यहां गुजरात के लोगों और पर्यटकों का शानदार समर्थन मिल रहा है। सभी लोगों ने हमारे उत्पादों में बहुत अधिक रुचि दिखाई है और जमकर खरीदारी भी की है।

उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू किए गए अभियान 'वोकल फॉर लोकल' के माध्यम से स्वदेशी वस्तुओं का एक नया बाजार मिला है। भारत पर्व के जरिए हमें वैश्विक पहचान भी मिली है। उम्मीद है कि भविष्य में यहां हमारा व्यवसाय और अधिक बढ़ेगा। भारत पर्व सचमुच ही विविधता में एकता का प्रतिबिंब है, जहां हर कला, हर बोली और परंपरा साथ मिलकर भारत की एकता और रचनात्मकता की अनूठी झलक प्रदर्शित करती है। हमारे लिए भारत पर्व हस्तकला की परंपरा को आगे बढ़ाने के साथ-साथ रोजगार और गौरव का माध्यम बना है। हमारे लिए एक ही मंच पर भारत की सभी कलाओं को देखना अपने आप में एक उत्सव है।

श्री लोटलीकर ने कहा कि समुद्र और नारियल के हस्तशिल्प मेरी पहचान बन गए हैं। जहां, मिट्टी और लकड़ी से बने शिल्प आम हैं, वहीं हम नारियल के खोल से दीये, आभूषण, बर्तन, लाइट शेड्स, डेकोरेटिव आर्ट की वस्तुओं जैसी अनेक कलाकृतियां बनाते हैं। हमारी हरेक कलाकृति में कारीगरों की रचनात्मकता और पर्यावरण के प्रति संवेदना की झलक दिखाई देती है। स्थानीय और विदेशी आगंतुक इन कृतियों को उत्साह से खरीदकर गोवा की परंपरा को निकट से महसूस कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि देश के तटीय क्षेत्र के कलाकारों की कृतियां भारतीय संस्कृति और परंपरा का प्रतिबिंब हैं। हस्त कलाकार अपने कौशल से रोजगार का सृजन कर रहे हैं और देश के प्रत्येक कोने में बनने वाले स्वदेशी उत्पाद आज दुनिया भर में भारत की पहचान बन रहे हैं। लोटलीकर ने गर्व के साथ बताया कि नारियल हस्तशिल्प ने अब भारत के साथ-साथ विदेशी बाजारों में भी अपनी मांग बनाई है। उनकी कला अब देश की सीमाएं पार कर इंग्लैंड, फ्रांस, अमरीका, ऑस्ट्रेलिया और कनाडा तक पहुंच चुकी है और वहां से उन्हें कस्टमाइज्ड प्रोडक्ट के ऑर्डर मिल रहे हैं।

विजयदत्ता लोटलीकर को उननी रचनात्मक कृतियों के लिए वर्ष 2018 में राष्ट्रीय पुरस्कार भी मिल चुका है, जो उनकी मेहनत औक कला के प्रति समर्पण का प्रतीक है।

एकता पर्व के अंतर्गत आयोजित यह उत्सव 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' के संदेश को मजबूत बना रहा है। यहां लगाए गए स्टॉलों पर विभिन्न राज्यों की हस्तकला, व्यंजन और लोककलाओं का अद्भुत समन्वय देखने को मिलता है।

७-७-७

# म.प्र. शिवपुरी में नकली डीएपी खाद का बड़ा घोटाला, 1200 बोरी बरामद, किसकी की सूचना पर प्रशासन की छापेमारी, जानिए

(जीएनएस)।

मध्य प्रदेश के शिवपुरी जिले में किसानों को ठगने वाला एक बड़ा नकली खाद घोटाला सामने आया है। शहर के सर्किल जेल के पास बड़ौदी क्षेत्र में गुरुवार (6 नवंबर 2025) शाम को प्रशासनिक टीम ने एक गोदाम पर छापा मारा, जहां से करीब 1200 बोरी नकली डीएपी (डाय-अमोनियम फॉस्फेट) खाद बरामद की गई। इस माल की अनुमानित कीमत 16 लाख 20 हजार रुपये बताई जा रही है।

जांच में पता चला कि कोलारस के दो युवक - दीपक अग्रवाल और विकास उर्फ मोनू कदम - ने एक महीने से गोदाम किराए पर लेकर नकली खाद तैयार कर बाजार में असली के दाम पर बेच रहे थे। बोरियां असली डीएपी की तरह पैक की गई थीं, लेकिन अंदर मिलावटी सामग्री भरी हुई थी।

भारतीय किसान संघ (इङर) की सूचना पर हुई इस कार्रवाई ने न केवल घोटाले का पदार्फाश किया, बल्कि किसानों को सतर्क रहने का संदेश भी दिया। गोदाम सील कर दिया गया है, और आरोपियों के खिलाफ ऋक्षक्र दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। आइए, जानते हैं इस पूरे घटनाक्रम की पूरी दास्तां - सूचना से छापेमारी तक, नकली खाद का कारोबार और किसानों पर प्रभाव।



बड़ौदी क्षेत्र में छापेमारीः 1200 बोरी नकली डीएपी जब्त, 16 लाख का घोटाला

शिवपुरी शहर के सर्किल जेल के निकट बड़ौदी इलाके में स्थित एक गोदाम पर गुरुवार शाम करीब 5 बजे कृषि विभाग और प्रशासन की संयुक्त टीम ने धावा बोल दिया। टीम ने गोदाम के अंदर पहुंचते ही नकली खाद की 1200 बोरी बरामद कीं, जो असली डीएपी खाद की पैकेजिंग में भरी हुई थीं। प्रत्येक बोरी 50 किलो की बताई जा रही है, और बाजार मूल्य 1350 रुपये प्रति बोरी होने से कुल मूल्य 16 लाख 20 हजार रुपये आंका गया। गोदाम में मिलावटी सामग्री - सस्ती रासायनिक खाद, चूना और अन्य बेकार तत्व - से भरी बोरी तैयार की जा रही थीं, जो असली डीएपी (23% नाइट्रोजन, 46% फॉस्फेट) की नकल कर किसानों को बेची जा रही थीं।

कृषि उप संचालक पान सिंह करौरिया ने बताया, "यह कार्रवाई किसान संघ की सूचना पर आधारित थी। गोदाम में 1200 से अधिक बोरी तैयार थीं, जो बाजार में छोड़ दी जातीं तो हजारों किसानों की फसल बर्बाद हो जाती।" तहसीलदार सिद्धार्थ शर्मा ने कहा, "मिलावट इतनी बारीक थी कि सामान्य नजर से असली लगती। लेकिन लैब टेस्ट से साफ हो गया।" छापे के दौरान गोदाम चौकीदार देवेंद्र रावत को हिरासत में लिया गया, जो पूछताछ में मुख्य आरोपी दीपक अग्रवाल और विकास कदम के नाम उजागर हुए। दोनों कोलारस के रहने वाले हैं और फरार बताए जा रहे हैं। पुलिस ने उनकी तलाश तेज कर दी है।

किसान संघ की सूचनाः इङर अध्यक्ष ब्रजेश धाकड़ की तत्परता से भंडाफोड़

इस घोटाले का भंडाफोड़ भारतीय किसान संघ (इङर) की सक्रियता से हुआ। जिला अध्यक्ष ब्रजेश धाकड़ ने बताया, "हमें स्थानीय किसानों से शिकायत मिली कि बाजार में सस्ती डीएपी मिल रही है, लेकिन फसल पर असर नहीं हो रहा। जांच में बड़ौदी गोदाम का पता चला। हमने तुरंत कृषि विभाग को सूचना दी।" धाकड़ ने कहा, "रबी सीजन शुरू होने से पहले यह कार्रवाई जरूरी थी। नकली खाद से गेहूं-चना की फसल बर्बाद हो जाती।"

इङर ने हाल ही में 'कृषि जागरूकता अभियान' चलाया था, जिसमें किसानों को नकली खाद की पहचान सिखाई गई। धाकड़ ने अपील की, "किसान लाइसेंस चेक करें, और संदिग्ध सामग्री की सूचना दें।" इस कार्रवाई से इङर की भूमिका सराहनीय रही, और जिला प्रशासन ने उनका धन्यवाद किया।

नकली खाद का कारोबारः एक महीने से चल रहा धंधा, कोलारस के युवकों का खेल

जांच में सामने आया कि दीपक अग्रवाल (उम्र 28 वर्ष) और विकास उर्फ मोनू कदम (उम्र 26 वर्ष) ने गोदाम मालिक वीरेंद्र गुप्ता से किराए पर लेकर 1 अक्टूबर से नकली खाद का धंधा शुरू किया था। चौकीदार देवेंद्र रावत ने बताया, "दोनों रोज रात में आते, सस्ती सामग्री मिक्स कर बोरी भरते। असली डीएपी की पैकेजिंग चुराकर या नकली लेबल लगाते। बाजार में 1200 रुपये में बेचते, जबकि असली 1350 है।"

आरोपियों ने कोलारस के स्थानीय बाजारों और पड़ोसी जिलों (गुना, अशोकनगर) में सप्लाई की थी। अनुमान है कि एक महीने में 50 लाख का कारोबार हुआ। कृषि विभाग ने सैंपल लैब भेजे, जहां मिलावट की पुष्टि हुई। सहायक संचालक कृषि किरण रावत ने कहा, "मिलावट से फसल की उपज 30-40% घट सकती थी।"

गोदाम सील और कानूनी कार्रवाईः ऋक्षक्र दर्ज, आरोपी फरार - पुलिस की तलाश तेज

प्रशासन ने गोदाम को तुरंत सील कर पंचनामा तैयार किया। एसएडीओ संदीप रावत ने बताया, "वीरेंद्र गुप्ता से पूछताछ की, जो किराएदारों को जिम्मेदार ठहरा रहे।" कृषि उप संचालक पान सिंह करौरिया ने कहा, "कोतवाली थाने में धारा 420 (धोखाधड़ी), 273 (मिलावटी वस्तु बेचना) और आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत ऋक्षक्र दर्ज कराई जा रही है। दोनों आरोपी फरार हैं, लेकिन उनके मोबाइल लोकेशन ट्रैक हो रही।" पुलिस ने 24 घंटे में गिरफ्तारी का दावा किया।यह कार्रवाई मध्य प्रदेश में चल रहे नकली खाद विरोधी अभियान का हिस्सा है, जहां 2025 में 50 से अधिक छापे हुए।

किसानों पर प्रभावः फसल बबार्दी का खतरा, चेतावनी - लाइसेंस चेक करें

नकली डीएपी से किसानों को भारी नुकसान होता - फॉस्फोरस की कमी से जड़ें कमजोर, उपज घटती। शिवपुरी में 2 लाख हेक्टेयर रबी फसल प्रभावित हो सकती। अधिकारियों ने अपील कीः "खाद-बीज लाइसेंसधारी दुकानों से खरीदें। संदिग्ध सामग्री की सूचना कृषि हेल्पलाइन (181) पर दें।" इङर ने जागरूकता कैंप लगाने का ऐलान किया।

# 16 साल के अंतराल के बाद आमिर खान ने अवॉर्ड शो में दिखाई झलक, इस वजह से अवॉर्ड्स में पहुंचे

(जीएनएस)।

आमिर खान बॉलीवुड के सबसे बड़े और बेहतरीन सुपरस्टार्स में से एक हैं, जो लगातार शानदार प्रदर्शन देने के लिए जाने जाते हैं। सुपरस्टार ने कई यादगार भूमिकाएँ निभाई हैं, लेकिन वह उन कुछ ही एक्टर्स में से हैं जो अवॉर्ड फंक्शन में शामिल होने से बचते हैं। हालांकि उन्होंने लंबे समय से किसी अवॉर्ड इवेंट में शिरकत नहीं की थी, लेकिन उन्होंने दिवंगत महान लता मंगेशकर के सम्मान में आयोजित मास्टर दिनानाथ मंगेशकर अवॉर्ड्स में शामिल होकर कुछ नया किया।



आमिर खान, जो आमतौर पर अवॉर्ड कार्यक्रमों में शामिल नहीं होते, 16 साल बाद एक कार्यक्रम में पहुंचे जब लता मंगेशकर ने उन्हें व्यक्तिगत रूप से बुलाया। जहां, उन्हें फिल्म दंगल में उनके बेहतरीन परफॉर्मेंस के लिए खास अवॉर्ड दिया गया।

इसके अलावा, आर.के. लक्ष्मण अवॉर्ड आमिर खान को पुणे में 23 नवंबर 2025 को दिया जाएगा, साथ में ऑस्कर विजेता संगीतकार ए.आर. रहमान का लाइव कॉन्सर्ट भी होगा। यह समारोह शाम 5 बजे टउअ क्रिकेट स्टेडियम में शुरू होगा, जहाँ संगीत और यादें मिलकर उस कार्टूनिस्ट को सम्मानित करेंगी, जिसने भारत के सबसे प्रिय पात्रों में से एक, द कॉमन मैन, को बनाया था।

दिवंगत आर.के. लक्ष्मण भारत के सबसे पसंदीदा कार्टूनिस्टों में से एक रहे हैं। वे अपने मशहूर कार्टून स्ट्रिप यू सेड इट और द कॉमन मैन किरदार के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने अपने कार्टून के जरिए आम लोगों की ज़िंदगी, उनकी मुश्किलें और समाज की सच्चाई को हंसी और सोच के साथ पेश किया, जिससे लोग न सिर्फ हँसते थे बल्कि सोचते भी थे।

उन्होंने अपने भाई आर.के. नारायण द्वारा लिखी मशहूर टीवी सीरीज "मालगुड़ी डेज" के लिए भी स्केच बनाए थे। अपने जीवन में उन्हें कई सम्मान मिले, जिनमें पद्म भूषण, पद्म विभूषण, और मैसूर यूनिवर्सिटी की ओर से हॉनरेरी डॉक्टरेट डिग्री शामिल है।

इसके अलावा, आमिर खान को हाल ही में घोषित फ्ङ लक्ष्मण पुरस्कार फॉर एक्सीलेंस से सम्मानित किया जाएगा। फ्ङ लक्ष्मण के परिवार द्वारा स्थापित यह पुरस्कार, आमिर खान को मिलने वाला पहला प्रतिष्ठित सम्मान होने जा रहा है।

# फातिमा बॉश कौन हैं ? मिस यूनिवर्स प्रतियोगिता के मंच पर दिखाई ऐसी हिम्मत, हर कोई कर रहा तारीफ

(जीएनएस)।

थाईलैंड में आगामी मिस यूनिवर्स 2025 प्रतियोगिता से पहले, मैक्सिको की फातिमा बॉश से जुड़ा एक विवाद सुर्खियां बटोर रहा है। फातिमा बॉस ने मंच पर ऐसी हिम्ˆमी दिखाई है कि ब्यूटी कंटेस्ट को लेकर हर ओर चर्चा हो रही है।

दरअसल,मिस मेक्सिको फातिमा बॉश और थाईलैंड के डायरेक्टर नवाट इट्साराग्रिसिल के बीच तीखी नोकझोंक हुई। इस घटना के बाद कई कंटेस्टेंट और यहां तक कि मिस यूनिवर्स भी लाइव शो छोड़कर चले गए, जिससे विवाद गहरा गया।

डायरेक्टर ने फातिमा बॉस की लगाई फटकार, मूर्ख कहा

यह विवाद मिस यूनिवर्स प्रतियोगिता से पहले आयोजित एक कार्यक्रम में शुरू हुआ। मिस यूनिवर्स थाईलैंड के निदेशक नवात इत्सराग्रिसिल ने फातिमा बॉश को थाईलैंड से संबंधित प्रचार सामग्री पोस्ट न करने के लिए सार्वजनिक रूप से फटकार लगाई। नवात इत्सराग्रिसिल ने फातिमा बॉश पर सोशल मीडिया पर थाईलैंड का पर्याप्त प्रचार न करने का आरोप लगाया और कथित तौर पर उन्हें नेशनल डॉयरेक्ˆटर के आदेशों का पालन न करने के लिए "मूर्ख" कहा।

इस पर फातिमा ने कड़ी आपत्ति जताई। फातिमा बॉस ने कहा, "यह मेरी गलती नहीं है कि आपको मेरे मैक्सिकन संगठन से समस्या है।" इसके जवाब में, नवात ने सुरक्षाकर्मियों को बुला लिया और फातिमा का समर्थन करने वाली अन्य प्रतिभागियों को भी अयोग्य घोषित करने की धमकी दी। इस घटना के बाद फातिमा बॉश और कुछ अन्य प्रतियोगी कार्यक्रम से बाहर चले गए।

पूरी घटना का वीडियो सोशल



मीडिया पर वायरल हो गया। जिसके बाद मिस मेक्सिको 2025 की प्रतियोगी फातिमा बॉश के समर्थन में ऑनलाइन फैन्स ने डायरेक्टर नवाट के प्रति अपना गुस्सा जाहिर किया और चूंकि फातिमा बॉश पूरे आत्मविश्वास के साथ मंच पर डटी रहीं, जिससे उन्हें काफी प्रशंसा मिली।

इस बड़े विवाद के बाद, डायरेक्टर नवाट इट्साराग्रिसिल ने एक लाइव स्ट्रीम के माध्यम से माफी मांगी। उन्होंने स्वीकार किया कि उस समय उनकी भावनाएं उन पर हावी हो गई थीं।

जिसके बाद मिस मेक्सिको फातिमा बॉश अगले कार्यक्रम के लिए मंच पर वापस आईं, लेकिन उनकी आंखें नम थीं। फातिमा बॉश ने इस घटना पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा, फातिमा बॉश ने बाद में कहा, "मुझे थाईलैंड बहुत पसंद है और मैं सभी का सम्मान करती हूं। मुझे लगता है कि वे अद्भुत लोग हैं। लेकिन डायरेक्टर ने जो किया वह अपमानजनक था। उन्होंने मुझे मूर्ख कहा क्योंकि उन्हें संस्था से समस्या है। मुझे लगता है कि यह अनुचित है। दुनिया को यह देखना जरूरी है, क्योंकि हम सशक्त महिलाएं हैं और यह मंच हमारी आवाज के लिए है। इसे कोई दबा नहीं सकता।"

इस विवाद के बाद, मिस यूनिवर्स ऑर्गनाइजेशन (MUO) ने नवात के व्यवहार की निंदा की। यह घटना मंगलवार को हुई, जब मिस यूनिवर्स प्रतिभागी अपने-अपने देशों में राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं की विजेता के रूप में अपने सैश और गाउन पहनकर कार्यक्रम में शामिल हुई थीं।

फातिमा बॉश, का जन्म सैंटियागो डी टीपा,टबैस्को में हुआ है। फातिमा, ने फैशन डिजाइन की स्टडी की है। डिस्लेक्सिया तथा एडीएचडी जैसी चुनौतियों का सामना किया है, जिन्हें उन्होंने अपनी ताकत में बदला है। उन्होंने 2018 में तबास्को में फ्लोर डी ओरो का ताज जीतकर अपने सौंदर्य प्रतियोगिता के सफर की शुरूआत की।

26 वर्षीय फातिमा बॉश एक ब्यूटी क्वीन हैं और बैंकॉक में हुई इस घटना के बाद वह मैक्सिकन गरिमा और आत्म-सम्मान का प्रतीक बन गई हैं। वह मॉडलिंग और सामाजिक कार्यों में सक्रिय हैं। वह उन प्रतियोगियों का प्रतिनिधित्व करती हैं जो सौंदर्य प्रतियोगिताओं को सिर्फ ग्लैमर और गाउन से बढ़कर मानती हैं।

# वर्तमान हो या भविष्य, यह कहानी हर युग के लिए उदाहरण होगी।'

एलएल

इंतजार खत्म हुआ! "कुरुक्षेत्र" अपने आखरी अध्याय के साथ वापस लौट आया है और सिर्फ. नैटफ्लिक्स पर इसका प्रसारण हो रहा है।

वह धर्मयुद्ध जो सही या गलत के प्रश्नों से शुरू हुआ था, एक ऐसे निर्णायक मोड़ पर आ पहुँचता है, जहाँ गठबंधन टूटते हैं, किस्मतों के फैसले होते हैं और धर्म की परीक्षा होती है।




'धर्म के इस युद्ध में कुछ बलिदान तो देना पड़ेगा,' - इस रोमांचकारी अंत में 18 योद्धाओं में हर एक योद्धा अपने फैसलों की कीमत चुकाता है और इस तरह यह गाथा पूरी होती है।

जेसे जेसे युद्धघोष शांत होते हैं और तीर अपने लक्ष्यों को बेधते हैं, बस एक ही प्रश्न बचता हैः कौन रहेगा धर्म पर कायम और कौन होगा महत्वकांक्षा का शिकार ?

देखिए "कुरुक्षेत्र" के सभी 18 एपिसोड अब सिर्फ. नैटफ्लिक्स पर

# बिहार के कुसम्ही गांव में सिर्फ 3 लोगों ने डाला वोट? थमी लोकतंत्र की रफ्तार

(जीएनएस)।

बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के पहले चरण में जहां पूरे राज्य में वोटिंग को लेकर उत्साह देखा जा रहा है, वहीं भोजपुर जिले के अगिआंव विधानसभा क्षेत्र के कुसम्ही गांव में एक अलग ही नजारा देखने को मिला।

यहां के ग्रामीणों ने वोटिंग का बहिष्कार किया। 6 नवंबर को दोपहर 2 बजे तक सिर्फ तीन लोगों ने ही गांव में वोट किया। गांव वालों ने "रोड नहीं तो वोट नहीं" का नारा लगाते हुए मतदान का बहिष्कार कर दिया। दोपहर 2 बजे तक यहां के 900 मतदाताओं में से केवल 3 लोगों ने ही वोट डाला।

900 मतदाताओं में केवल तीन ने डाला वोट

दैनिक भास्कर के मुताबिक चरपोखरी प्रखंड के तहत आने वाले कुसम्ही गांव के मतदान केंद्र संख्या 175 पर सन्नाटा पसरा रहा। ग्रामीणों का कहना है कि सालों से सड़क निर्माण का वादा सिर्फ कागजों पर होता रहा है, लेकिन जमीनी स्तर पर कोई काम नहीं हुआ। नाराज ग्रामीणों



ने साफ चेतावनी दी थी कि जब तक सड़क नहीं बनेगी, तब तक गांव से कोई वोट नहीं डालेगा।

अधिकारियों ने मनाने की कोशिश की, लेकिन नहीं माने गांवे वाले

मतदान बहिष्कार की सूचना मिलने के बाद पीरों एसडीओ कृष्णकांत उपाध्याय खुद मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को मतदान के लिए मनाने की कोशिश की। उन्होंने समझाया कि मतदान ही अपनी समस्याओं का समाधान लाने का तरीका है, लेकिन लोगों ने अपनी मांग पर अड़े रहते हुए वोट डालने से साफ इनकार कर दिया।

"रोड नहीं तो वोट नहीं" बना जनता का नारा

गांव के निवासियों के मुताबिक, "हम लोग कई सालों से सड़क की मांग कर रहे हैं, लेकिन किसी ने ध्यान नहीं दिया। अब जब तक सड़क नहीं बनेगी, वोट भी नहीं देंगे।" ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने पहले ही चरपोखरी बीडीओ को इस फैसले की जानकारी दी थी, लेकिन फिर भी प्रशासन ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया।

प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती

प्रेसाइडिंग ऑफिसर डॉ. रमेश प्रसाद के मुताबिक, दोपहर दो बजे तक केवल तीन वोट डाले गए थे। अब तक कोई नई प्रगति नहीं हुई है। प्रशासन के लिए यह मामला सिर्फ एक गांव का नहीं, बल्कि जनता के विश्वास और विकास वादों की सच्चाई का भी सवाल बन गया है।

कुसम्ही गांव का यह विरोध इस बात का प्रतीक है कि बिहार चुनाव में अब लोग सिर्फ वोट नहीं दे रहे, बल्कि विकास के बदले जवाब भी मांग रहे हैं।

# उदयकरणपुर में खतरनाक गौ सेवा: 4 घंटे की साहसी मेहनत से गौमाता सकुशल बची

(जीएनएस)।

पीलीभीत के पूरनपुर क्षेत्र में गौ सेवा का एक रोमांचक व जोखिम भरा किस्सा सामने आया। ठाकुर शिवम सिंह भदोरिया की गौ सेवा टीम ने उदयकरणपुर में फंसी एक गौमाता को बचाने के लिए 4 घंटे की कड़ी मशक्कत की। ये टीम के अब तक का सबसे बड़ा और खतरनाक रेस्क्यू था, लेकिन सबकी मेहनत रंग लाई झ गौमाता सकुशल बाहर आ गई!झ ठाकुर शिवम सिंह भदोरिया व शिवकुमार भाई का जज्बा सराहनीय



ठाकुर शिवम सिंह ने बताया, "ये मिशन बेहद चुनौतीपूर्ण था, लेकिन भगवान बालाजी की कृपा से सफल रहा। शिवकुमार भाई का साथ और सहयोग अमूल्य था।" राष्ट्रीय बजरंग दल पूरनपुर व श्री बालाजी दरबार सेवादार के तहत चल रही ये टीम सनातनी मूल्यों पर गौ रक्षा को समर्पित है। जय गणेश देवा, जय श्री राम! गौमाता की रक्षा ही हमारा धर्म।

# छह माह मे ही निकाह फिर तलाक देकर सऊदी अरब भागा चार लोगो के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

(जीएनएस)।

मसौली बाराबंकी । छह माह मे ही निकाह फिर तलाक देकर सऊदी अरब भागने वाले पति सहित चार लोगो के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न एव मारपीट का मुकदमा दर्ज कर मसौली जांच शुरू कर दी है।

मसौली थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत बड़ागांव निवासी मो0 रफीक अंसारी की पुत्री का विवाह 29 अप्रैल को गांव के ही स्व अब्दुल कासिम के पुत्र अली हसन के साथ मुस्लिम रीति रिवाज के अनुसार हुई थी बेटी की विदाई मे मो0 रफीक ने अपनी हैसियत से अधिक दान दहेज व उपहार दिया था लेकिन पुत्री के ससुराली जन दहेज से संतुष्ट नही थे शादी के कुछ ही दिन बाद पति अली हसन, सास सालिहा बानो, देवर मो0 हसन व ममिया ससुर रईश अंसारी परेशान करने लगे माँ बाप की इज्जत को लेकर सह्ती रही जिससे ससुराली जनो के हौसले बुलंद हो गये और जिसके हाथों की मेहंदी भी न छुटी हो उसे माँ व ममिया ससुर के उकसाने पर अली हसन ने रात्रि मे मारपीट कर भगा दिया रोती बिलखती घर पहुंची बेटी को देख जब पीड़िता के पिता मो0 रफीक ने पुत्री की सास से बात कर मीन्नत करने लगे तो उन्हे अपमानित करते हुए भगा दिये। परेशान पीड़िता के पिता ने जब समाज के लोगो के बींच बात रखकर मामले को निपटाने की कोशिश की जिसमे पीड़िता के पति ने समाज के लोगो के बींच ही पीड़िता को तीन बार तलाक कहकर अपमानित करने लगा जिससे समाज के लोगो ने अपने हाथ खड़े कर लिये। ससुराली जनो की यातना से परेशान पीड़िता ने 13 अक्टूबर को मसौली थाने मे तहरीर दी मसौली पुलिस ने दोनो पक्षों को थाने बुलाया बातचीत के दौरान ममिया ससुर ने 15 दिन का समय लेते हुए कहा कि मिल बैठकर समस्या का हल कर लिया जायेगा लेकिन इसी बींच ममिया ससुर रईस अंसारी ने साजिस कर अली हसन को 29 अक्टूबर को चोरी से सऊदी अरब भेज दिया। पीड़िता की तहरीर पर मसौली पुलिस ने पीड़िता का मेडिकल कराते हुए पति अली हसन, सास सालिहा बानो, देवर मो0 हसन व ममिया ससुर रईस अंसारी के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न एव मारपीट का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# एलडीए की लापरवाही का नतीजा, रजनीखंड में अवैध खुदाई से ढहा मकान, पड़ोसी घरों में आई दरारें!

(जीएनएस)।

राजधानी। लखनऊ के रजनीखंड सेक्टर-7 में एलडीए (लखनऊ विकास प्राधिकरण) की ईडब्ल्यूएस योजना के तहत बने मकान नंबर 7/1 में अवैध रूप से बेसमेंट की खुदाई कराई जा रही थी। खुदाई के दौरान अचानक पूरी इमारत धराशायी हो गई, जिससे पड़ोसी मकानों में गहरी दरारें पड़ गईं और एक स्प्लेंडर बाइक मलबे में दब गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह घटना प्रशासन और एलडीए अधिकारियों की लापरवाही का नतीजा है। क्षेत्र में कई दिनों से अवैध निर्माण कार्य चल रहे थे, मगर किसी अधिकारी ने मौके का निरीक्षण करना उचित नहीं समझा। ईडब्ल्यूएस मकान में नियमों के विपरीत बेसमेंट की खुदाई, पूरा मकान जमींदोज,



पड़ोसी मकानों की दीवारों में गहरी दरारें, एक स्प्लेंडर बाइक मलबे में दबी मौके पर अफरा-तफरी का माहौल लोग अपने घरों से बाहर निकल आए। आसपास के निवासियों ने बताया कि यह कोई पहली घटना नहीं है, रजनीखंड क्षेत्र में कई मकानों में नियमविरुद्ध निर्माण खुलेआम हो रहे हैं, मगर एलडीए और प्रशासन मूकदर्शक बना बैठा है। स्थानीय नागरिकों ने उच्च अधिकारियों से मांग की है कि एलडीए के संबंधित अभियंता व निरीक्षकों पर सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि इस तरह की लापरवाही दोबारा न हो। जोन 8 का मामला अब भ्रष्टाचार और लापरवाही की मिसाल बन गया है जहां जनता पर मलबा गिरा, और जिम्मेदार अफसर अब भी कुर्सियों पर जमे, एलडीए केवल कागजों में ही विकास करता रहेगा, या जमीनी हकीकत कुछ और बया कर रही।

# विकलांग आश्रम वजीरगंज में बच्चों को फल मिठाई और वस्त्र वितरण कर जन्मदिन मनाया

वजीरगंज में आकाशदीप शेरा बैंकट हॉल अमित वार्ष्णेय समाजसेवी ने अपने पुत्र के जन्मदिन के उपलक्ष में विकलांगों की मदद कर अपने पुत्र के हाथों से विकलांग आश्रम वजीरगंज पर फल व मिठाई वस्त्र सहित वितरण किए। ओर अपने पुत्र आरुष वार्ष्णेय का जन्मदिन को आश्रम में बड़े ही धूमधाम से मनाया। सभी बच्चों को आर्थिक मदद के लिए हमेशा तत्पर रहने का वादा किया। विकलांग आश्रम वजीरगंज बदायूं के अध्यक्ष उनीश पाल सिंह ने उनका बहुत बहुत आभार व्यक्त किया। ओर बच्चे की





दीर्घ आयु की कमाना की। विकलांग आश्रम वजीरगंज प्रभारी सुनीरा सिंह गौर ने पटका पहनाकर सम्मानित किया। फल व मिठाई वस्त्र लेने के बाद विकलांग आश्रम वजीरगंज के सभी बच्चों के चेहरे खिल उठे। इस मौके पर अध्यक्ष उनीश पाल सिंह, सुनीरा सिंह गौर, चंचल यादव,सर्वेश उपाध्याय, आकाश कुमार, विनोद कुमार भारती, आशु ,सहित आश्रम के सभी लोग मौके पर मौजूद रहे।

## म.प्र. युवा कांग्रेस का नया चेहरा, लखन घनघोरिया के बेटे यश अध्यक्ष निर्वाचित, रचा इतिहास

(जीएनएस)।

मध्य प्रदेश कांग्रेस के युवा मोर्चे में नई ऊर्जा का संचार हो गया है। पार्टी की आंतरिक चुनाव प्रक्रिया के तहत यश घनघोरिया को मध्य प्रदेश युवा कांग्रेस का अध्यक्ष निर्वाचित घोषित कर दिया गया। पूर्व मंत्री और विधायक लखन घनघोरिया के पुत्र यश ने 3 लाख 13 हजार 730 वोट हासिल कर शानदार जीत दर्ज की।

यह चुनाव न केवल युवा कांग्रेस के भविष्य को आकार देगा, बल्कि 2028 विधानसभा चुनावों से पहले पार्टी में युवाओं की भूमिका को मजबूत करेगा। यश की जीत को कांग्रेस हाईकमान ने 'युवा क्रांति' का प्रतीक बताया है, जबकि विपक्ष ने इसे 'राजनीतिक वंशवाद' का नाम दिया। 28 वर्षीय यश का यह कदम मध्य प्रदेश कांग्रेस को नई दिशा दे सकता है। आइए, जानते हैं इस चुनाव की पूरी कहानी - उम्मीदवारों की दौड़ से लेकर यश के संघर्ष और भविष्य की योजनाओं तक।

चुनाव का परिणाम: 3 लाख 13 हजार 730 वोटों से यश की शानदार जीत, अन्य उम्मीदवारों पर भारी पड़े

मध्य प्रदेश युवा कांग्रेस का अध्यक्ष पद चुनाव 2 नवंबर 2025 को संपन्न हुआ, और परिणाम 6 नवंबर को घोषित किए गए। कुल 5.5 लाख युवा सदस्यों में से 4.2 लाख ने वोट डाले, जिसमें यश घनघोरिया ने 3,13,730 वोट हासिल कर 74% से अधिक बहुमत के साथ जीत दर्ज की। उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी, इंदौर के युवा नेता रोहन सोलंकी को 65,000 वोट मिले, जबकि अन्य दो उम्मीदवार - ग्वालियर के अजय शर्मा (45,000) और जबलपुर के प्रिया पटेल (32,000) - पीछे रह गए।

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने भोपाल में प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा,




"यश की जीत युवा कांग्रेस का नया अध्याय है। 3 लाख से अधिक वोटों से साबित हुआ कि युवा पार्टी पर भरोसा रखते हैं।" चुनाव आयोग के अनुसार, वोटिंग ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों मोड में हुई, जिसमें 80% युवा सदस्यों ने भाग लिया। यह चुनाव कांग्रेस की 'एक परिवार, एक पद' नीति के तहत पारदर्शी तरीके से चला, लेकिन यश की जीत को उनके पिता के राजनीतिक कद का श्रेय भी दिया जा रहा है।

यश घनघोरिया का जन्म 1997 में भोपाल में एक राजनीतिक परिवार में हुआ। उनके पिता लखन घनघोरिया मध्य प्रदेश के पूर्व मंत्री (सार्वजनिक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा) और कोलार विधायक रह चुके हैं। लखन 2003 से 2018 तक विधायक रहे, और 2018 में हार के बाद भी पार्टी के वरिष्ठ नेता बने रहे। यश ने बचपन से राजनीति का अइउ सीखा - पिता के चुनाव प्रचार से लेकर कांग्रेस की युवा शाखाओं में काम।

शिक्षा और शुरूआत: यश ने इंदौर के डीईवी कॉलेज से बीकॉम किया, फिर दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (JNU) से एमए (पॉलिटिकल साइंस)। 2018 में ठरवक (नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया) जॉइंट सेक्रेटरी बने।

# 62वें दिन लगातार अनिश्चितकालीन धरना जारी

(जीएनएस)।

लखनऊ। सैदापुर चक विकास खण्ड माल जनपद लखनऊ के भारतीय किसान यूनियन लोकतांत्रिक के कार्यवाहक तहसील अध्यक्ष राघवेन्द्र त्रिवेदी गुड्डू पहुंचे धरने पर मलिहाबाद तहसील प्रशासन के अधिकारियों के प्रति नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा जिला अध्यक्ष लखनऊ अतुल कुमार ने 10/11/2025 लखनऊ जिला अधिकारी महोदय के



कार्यालय पर धरना प्रदर्शन एवं आंदोलन का ऐलान किया है आप सभी तैयारी कर लो आर पार की लड़ाई होगी मलिहाबाद तहसील प्रशासन की उदासीनता को देखते हुए प्रतीत हो रहा है मलिहाबाद तहसील प्रशासन से सैदापुर चक के किसानों को न्याय नहीं मिल पायेगा इस लिए 10/11/2025 को जिला अधिकारी महोदय के कार्यालय पर बड़ा आंदोलन कर मलिहाबाद तहसील प्रशासन से आर पार की लड़ाई लड़ी जाएगी किसानों को हर हाल में न्याय दिलाने का काम किया जाएगा।

# इलेक्ट्रिक वाहनों के खरीद पर पंजीकरण शुल्क एवं रोड टैक्स पर ग्राहकों को अक्टूबर, 2027 तक मिलेगी शत-प्रतिशत छूट

**भविष्य में इलेक्ट्रिक वाहन ही परिवहन का मुख्य आधार साबित होगे- दयाशंकर सिंह**

(जीएनएस)।

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री दयाशंकर सिंह के प्रयासों से प्रदेश में जीवाश्म ईंधन से संचालित वाहनों से होने वाले प्रदूषण की रोकथाम की दिशा में परिवहन विभाग ने महत्वपूर्ण कदम उठाया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए परिवहन मंत्री ने बताया कि परिवहन प्रणाली की स्थायी एवं स्वच्छ गतिशीलता बनाये रखने के लिए इलेक्ट्रानिक वाहनों के खरीद को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से उ0प्र0 इलेक्ट्रिक वाहन विनिर्माण एवं गतिशीलता नीति-2022 प्रख्यापित की गयी। उ0प्र0 अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग द्वारा उक्त नीति को 14 अक्टूबर, 2022 को प्रख्यापित किया गया। दयाशंकर सिंह ने बताया कि उच्च स्तरीय प्राधिकृत इलेक्ट्रिक समिति की बैठक में उक्त नीति में संशोधन किया गया है। संशोधन के फलस्वरूप नीति के चौथे एवं पांचवे वर्ष में उ0प्र0 में खरीदे गये गया है। जिसके अंतर्गत 05 नवम्बर, 2025 को जारी अधिसूचना के तहत उ0प्र0 इलेक्ट्रिक वाहन विनिर्माण नीति-2022 के अधीन 14 अक्टूबर,



एवं पंजीकृत केवल शुद्ध विद्युत वाहन के पंजीकरण शुल्क एवं रोड टैक्स में शत प्रतिशत छूट एवं सब्सिडी प्रोत्साहन योजना का प्रावधान किया 2025 से 13 अक्टूबर, 2027 के मध्य खरीदे गये शुद्ध विद्युत वाहनों के पंजीकरण शुल्क में शत-प्रतिशत छूट प्रदान की गयी है। उक्त अवधि में खरीदे गये एवं रजीस्ट्रीकृत/पंजीकृत शुद्ध विद्युत वाहनों की विभिन्न श्रेणी के वाहनों पर लागू कर एवं रोड टैक्स से शत-प्रतिशत की छूट दी गयी है। इसी प्रकार शुद्ध विद्युत वाहनों पर प्रवर्तनीय एग्रीगेटर/क्लीप आवेदक ग्राहको को दो पहिया, तीन पहिया अथवा चार पहिया वाहन के अधिकतम 10 यूनिट तथा ईबस अथवा ईगुडस कैरियर के 25 यूनिट के खरीदने पर सब्सिडी लेने की अनुमति प्रदान कर दी गयी है परिवहन मंत्री ने बताया कि प्रदेश सरकार इलेक्ट्रिक वाहनों के अधिक से अधिक बिक्री पर जोर दे रही है। जिससे कि पर्यावरण को संरक्षित करते हुए आवागमन को भी सुचारू रूप से संचालित किया जा सके। आने वाले समय में जीवाश्म ईंधन की उपलब्धता दिन प्रतिदिन कम होती जायेगी। ऐसे में इलेक्ट्रिक वाहन ही परिवहन का मुख्य आधार साबित होंगे।

# अमौसी ओवरब्रिज व आसपास सड़क किनारे नहीं खड़े होंगे वाहन क्षेत्रवासियों को जाम एवं दुर्घटना से मिलेगी राहत

(जीएनएस)।

लखनऊ। अमौसी ओवरब्रिज व आसपास सड़क किनारे नहीं खड़े होगे वाहन क्षेत्रवासियों को जाम एवं दुर्घटना से मिलेगी राहत, गुरुवार को सहायक पुलिस आयुक्त कृष्णानगर रजनीश वर्मा के द्वारा थाना सरोजनीनगर क्षेत्र के अंतर्गत अमौसी ओवरब्रिज एटीएस मोड़ व आसपास रोड के किनारे लगने वाले जाम से निजात दिलाने के लिए हिन्दुस्तान पेट्रोलियम, इण्डियन ऑयल कारपोरेशन व बॉटलिक संयन्त्र के अधिकारी एवं ट्रान्सपोर्टरों के साथ आईओसी कैम्पस स्थिति सभागार में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया एसीपी कृष्णा नगर रजनीश वर्मा ने बताया कि सरोजनी नगर क्षेत्र के अमौसी ओवरब्रिज पर खडे हो रहे टैंकरों ट्रकों के कारण आएदिन जाम की स्थिति बने होने से सड़कों के क्षतिग्रस्त होने व यातायात व्यवस्था में असुविधा होने की सूचनाएं लगातार मिल रही थी। अमौसी ओवरब्रिज एवं सड़क के किनारे खडे किये जा रहे टैंकरों ट्रकों के कारण यातायात व्यवस्था में अवरोध उत्पन्न होने एवं जनमानस को हो रही असुविधा के लिए विचार विमर्श किया गया जिसमें सड़क के किनारे एवं अमौसी ओवरब्रिज पर खडे किये जा रहे वाहनों को पार्क कराये जाने हेतु उचित स्थान को चिन्हित करने व उस स्थान पर वाहनों को पार्क कराने के सम्बन्ध में ग्राम समाज की खाली भूमि का एवं सम्भावित स्थानों जहाँ वाहनों की








पार्किंग कराने हेतु भौतिक निरीक्षण किया गया है जिसके सम्बन्ध में शीघ्र सम्बन्धित से पत्राचार कर वाहनों की पार्किंग एवं जाम से निजात दिलाने व सुचारू रूप से यातायात व्यवस्था संचालित कराये जाने हेतु आवश्यक कदम उठाये जायेंगे। बैठक में एसीपी कृष्णानगर रजनीश कुमार वर्मा व प्रभारी निरीक्षक थाना सरोजनीनगर राजदेवराम प्रजापति, गौरव देव डीजीएम आईओसीएल व नरेश डोगरी डीजीएम एलपीजी बाटलिक प्लान्ट, विपिन आर्या डीजीएम एचपीसीएल डिपो के अलावा नादरगंज औद्योगिक क्षेत्र के ट्रान्सपोर्टर उपस्थित रहे।

### 9 नवंबर उत्तराखंड के रजत जयंती उत्सव समारोह में शामिल होंगे पीएम मोदी, 1 लाख लोगों की जुटने की उम्मीद



(जीएनएस)।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 9 नवंबर को उत्तराखंड के रजत जयंती उत्सव समारोह में शामिल होंगे। इसके लिए तैयारियां जोर शोर से चल रही हैं। देहरादून के एफआरआई में मुख्य कार्यक्रम आयोजित होंगे। जिसमें एक लाख लोगों के आने की संभावना जताई जा रही है। भाजपा इस कार्यक्रम को भव्य बनाने में जुटी है।

भाजपा ने पीएम मोदी की मौजूदगी में होने वाले रजत जयंती के मुख्य समारोह में एक लाख से अधिक लोगों के शामिल होने का भरोसा जताया है। जिसके लिए प्रदेशाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने पार्टी के सभी जनप्रतिनिधियों एवं पार्टी पदाधिकारियों से अधिक से अधिक जनसहभागिता सुनिश्चित कराने का आग्रह किया है।

प्रदेश मीडिया प्रमुख मनवीर सिंह चौहान ने जानकारी दी कि राज्य स्थापना के रजत जयंती वर्ष के ऐतिहासिक और गौरवमयी अवसर पर पीएम का आना राज्यवासियों के लिए दोहरी खुशी का क्षण है। उनकी उपस्थिति में 9 नवंबर को होने वाले मुख्य रजत जयंती समारोह को भव्य और शानदार बनाने के लिए पार्टी की तरफ से भी विशेष प्रयास किया जा रहे हैं।

हमारी कोशिश है कि राज्य की 25 वर्षीय विकास यात्रा के इस महत्वपूर्ण पड़ाव पर अधिक से अधिक लोग साक्षी बने। जिसके लिए कार्यक्रम में पहुंचने की सुविधा के अनुसार सांगठनिक जनपदों देहरादून महानगर, देहरादून ग्रामीण, ऋषिकेश, हरिद्वार, रुड़की, कोटद्वार और पौड़ी की टीम को विशेष जिम्मेदारी सौंपी गई हैं। इसके अतिरिक्त प्रदेश में पार्टी के सांसद, विधायक, नगर निगम, नगरपालिका, जिला पंचायत के सभी निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को कार्यक्रम से बड़ी संख्या में जनता को जोड़ने का आग्रह किया गया है।

वहीं पार्टी पदाधिकारी भी अपने साथी सहयोगियों के साथ इस गौरवशाली अवसर के सहभागी बनेंगे। प्रदेशवासियों में रजत जयंती समारोह के उत्साह और मोदी के प्रति प्यार को देखते हुए पार्टी को भरोसा है कि एक लाख से अधिक जनता का आशीर्वाद वहां मिलने वाला है।

# सस्ता बाजार गर्म कपड़े की दुकान का हुआ उद्घाटन

(जीएनएस)।

लखनऊ। रायबरेली क्षेत्र के नगर पंचायत सलोंन के एसडीएम कोर्ट के समीप सस्ता बाजार में ठंड के वूलन व गर्म कपड़े जैकेट के भाव दुकान का उद्घाटन पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष प्रत्याशी इरफान सिद्दीकी ने फीता काटकर किया। युवा नेता इरफान सिद्दीकी ने कहा कि सस्ते बाजार की दुकान खुलने से मध्य वर्गीय लोगों को उचित रेट में गर्म कपड़े जैकेट आदि मुहैया होंगे, जो एक सराहनीय प्रयास है। इस तरह की सस्ते मार्केट महानगरों में हुआ करते हैं, छोटे नगर में ऐसी ब्रांच के खुलने से लोगों को सहूलियत मुहैया होगी। इस मौके पर अकबर चौधरी, अनवर चौधरी, अफसर चौधरी, अब्बास चौधरी, अश्करी चौधरी, राम जी सरोज शिक्षक नेता, पूर्व सभासद इसरार हैदर, इमरान सिद्दीकी, बिलाल खान, वसीम अंसारी,



सिप्तैंन शेख आदि लोग मुख्य रूप से मौजूद रहे।